जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डीडीहाट पिथौरागढ़

आख्या

NEP 2020 की चौथी वर्षगांठ पर आयोजित शिक्षा सप्ताह कार्यक्रम का पंचम दिवस

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पिथौरागढ़ में दिनांक 26/07/2024 को शिक्षा सप्ताह कार्यक्रम के पंचम दिवस के अवसर पर कौशल विकास एवं डिजिटल इनिशिएटिव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डायट डीडीहाट श्री भाष्करानन्द पाण्डेय के दिशानिर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्री पुनीत प्रकाश जोशी द्वारा सभा में उपस्थित समस्त डायट स्टाफ एवं डी0एल0एड0 प्रशिक्षु के स्वागत के साथ किया गया। कार्यक्रम में डा0 गोविन्द सिंह धापोला, श्री जे0 बी0 मिश्र, डा0 ममता खोलिया, श्री गोकर्ण राम लोहिया तथा श्री चन्द्रशेखर मखौलिया तथा डी0एल0एड0 के सभी प्रशिक्षु इस सत्र में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ कौशल विकास और विभिन्न डिजिटल इनिशिएटिव माध्यमों पर चर्चा के साथ श्री पुनीत प्रकाश जोशी द्वारा किया गया। तत्पश्चात चर्चा सत्र में विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन किया गया।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की चतुर्थ वर्षगांठ [22–28 जुलाई]

पंचम दिवस– [26–07–24]

कौशल विकास और डिजिटल इनिशिएटिव



Scanned with OKEN Scann

कार्यक्रम की प्रस्तुति डी०एल०एड० प्रशिक्षुओं द्वारा ग्रुपवार प्रस्तुत किया गया। जिसका विवरण निम्नलिखित है–

- **रमन सदन समूह द्वारा की गयी प्रस्तुति –**
  सदन के एक सदस्य द्वारा PM eVIDYA पर PPT प्रस्तुत की गयी तथा इसके विभिन्न पहलुओं जैसे स्वयंप्रभा, ई–पाठशाला व PM eVIDYA की विशेषताएं, लाभ आदि पर विस्तारपूर्वक बात रखी गयी। इसके अतिरिक्त इस पोर्टल के भविष्य में निर्धारित लक्ष्यों पर बात रखी गयी।

- **चाणक्य सदन समूह द्वारा की गयी प्रस्तुति –**
  सदन के सदस्यों द्वारा PARAKH के उद्देश्य, मूल्यांकन पैटर्न, बैंचमार्क आकलन के साथ–साथ व्यायपक मूल्यांकन, स्कूल आधारित मूल्यांकन व परीक्षा सुधार पर PPT के साथ प्रस्तुतीकरण दिया गया।

➢ कुर्मांचल सदन समूह द्वारा की गयी प्रस्तुति –

सदन के सदस्यों द्वारा SWAYAM पोर्टल के मुख्य बिन्दु, उद्देश्य, उपलब्ध पाठ्यक्रम तथा पोर्टल की छात्रों एवं शिक्षकों हेतु उपयोगिता पर PPT प्रस्तुतीकरण द्वारा प्रकाश डाला गया।

➢ विवेकानन्द सदन समूह द्वारा की गयी प्रस्तुति –

सदन के सदस्यों द्वारा विद्या समीक्षा केन्द्रों पर PPT प्रस्तुतीकरण कर इसका परिचय, उद्देश्य, महत्वपूर्ण पहलू, विशेषज्ञों की राय तथा NEP 2020 से इसके सम्बन्ध को विस्तारपूर्वक समझाया गया।

➢ कलाम सदन समूह द्वारा की गयी प्रस्तुति–

सदन के सदस्यों द्वारा DIKSHA ऐप पर PPT के साथ सुन्दर प्रस्तुतीकरण किया गया जिसमें इसके महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे– अध्यापकों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम, ई–लर्निंग कार्यक्रम आदि का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया।

➢ वेदान्ता सदन समूह द्वारा की गयी प्रस्तुति –

सदन के सदस्यों द्वारा CWSN, o-lab तथा e-Content पर PPT प्रस्तुत की गयी। पहले CWSN टॉपिक पर विस्तारपूर्वक समझाया गया और छात्रों हेतु विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया गया। इसके बाद o-lab किस प्रकार एक बच्चे को अभिप्रेरित करता है, समझाया गया और e-Content का प्रस्तुतीकरण किया गया जिसे डायट प्रशिक्षुओं द्वारा निर्मित किया गया।



- **सोशल मीडियाः वरदान या अभिशाप विषय पर वाद–विवाद –**

  ग्रुप 3 व 4 द्वारा सोशल मीडिया के फायदे व नुकसान पर वाद–विवाद प्रस्तुत किया गया। जिसमें दोनों ही पक्षों द्वारा विविध साक्ष्य प्रस्तुत किये गये तथा अन्त में सोशल मीडिया के विवेकपूर्ण उपयोग पर समझ बनाते हुए टॉपिक को समाप्त किया गया।

- **उत्तराखण्ड के ऐतिहासिक स्थलों पर चर्चा–**

  1. कुमाऊ मण्डल के ऐतिहासिक स्थलों जैसे लन्दन फोर्ट, बागनाथ मंदिर, बाणासुर का किला आदि के बारे में रमन सदन द्वारा विस्तार पूर्वक समझाया गया।
  2. गढ़वाल मण्डल के ऐतिहासिक स्थलों जैसे खलंगा युद्ध स्मारक, तुंगनाथ मंदिर आदि पर चाणक्य सदन द्वारा PPT के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया।

Scanned with OKEN Scan

➢ **रोल प्ले–**

वेदान्त सदन तथा कलाम सदन के सदस्यों द्वारा मिलकर उत्तराखण्ड के प्राचीन व्यवसायों व व्यवसाय तकनीकों को रोल प्ले के माध्यम से जीवन्त रूप में प्रदर्शित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से घुमन्तू व्यवसायियों, उत्तरायणी मेले के व्यवसायों का प्रदर्शन किया गया।

Scanned with OKEN Scanner

कार्यक्रम के अंत में श्री पुनीत प्रकाश जोशी द्वारा मलयनाथ मंदिर के इतिहास तथा तवाघाट से होने वाले भारत–तिब्बत व्यापार का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया और कार्यक्रम की समाप्ति हेतु प्राचार्य श्री भाष्करानन्द पाण्डेय को मंच पर आमंत्रित किया गया।

प्राचार्य डायट श्री भाष्करानन्द पाण्डेय ने छात्रों की तारीफ करते हुए स्वयं पोर्टल, दीक्षा पोर्टल की उपयोगिता तथा e-Content के प्रभावी प्रयोग हेतु प्रशिक्षुओं को निर्देशित किया।



दिनांक–26 / 07 / 2024

स्थान– डायट डीडीहाट

Scanned with OKEN Scann